भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3793

11 **अगस्त**, 2023 **को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल

3793. श्री रमाकान्त भार्गव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उपचारात्मक स्वास्थ्य परिचर्या सत्र आयोजित करने के लिए उन्नत तौर-तरीकों वाले योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पतालों संपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र- वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) केन्द्रीय योजना के अंतर्गत उक्त अस्पतालों/संपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है और डॉक्टरों/विशेषज्ञों/प्रशिक्षकों/कर्मचारियों की तैनाती कब तक कर दी जाएगी?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) तथा (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का एक विषय होने के कारण, उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल सत्र आयोजित करने के लिए उन्नत तौर-तरीकों के साथ योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पतालों/वेलनेस केंद्रों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। तथापि, एनएएम के तहत, योग और प्राकृतिक चिकित्सा सुविधा सहित एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता का प्रावधान है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें, एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

*****